# महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय,उज्जैन

देवास रोड़
उज्जैन (म.प्र.)

E-mail-regpsvvmp@rediffmail.com
Website– www.mpsvv.ac.in

---

## दिनांक 10 अगस्त, 2022 को आयोजित कार्य परिषद बैठक का कार्यवृत्त

दिनांक 10 अगस्त, 2022 को प्रात: 11:30 बजे महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन की कार्य परिषद बैठक विश्वविद्यालय सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में निम्नांकित सदस्य उपस्थित थे :

-: उपस्थिति :-

1. **प्रो. विजयकुमार सी.जी.**
   कुलपति, महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन म.प्र. – अध्यक्ष
2. **डॉ.अर्पण भारद्वाज, अति. संचालक, उच्च शिक्षा उज्जैन संभाग,**
   ( **प्रमुख सचिव**,उ. शि. वि., म.प्र. शासन, के प्रतिनिधि) – पदेन सदस्य
3. **श्री आर.पी.यादव, संभागीय उप संचालक, कोष एवं लेखा, उज्जैन संभाग**
   **प्रमुख सचिव**, वित्त विभाग के प्रतिनिधि – पदेन सदस्य
4. **डॉ. उपेन्द्र भार्गव**
   सहा. प्राध्यापक, महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन म.प्र.. – सदस्य
5. **श्री राजेन्द्र झालानी,**
   165, शिवकृपा, अलखधाम नगर, उज्जैन म.प्र. – सदस्य
6. **श्रीमती किरण शर्मा,**
   एफ–2/28 विक्रम विश्वविद्यालय आवास गृह, उज्जैन, म.प्र. – सदस्य
7. **श्रीमती विद्या जोशी ,**
   प्राचार्य, श्री राजराजेन्द्र जयंतसेन सूरि शिक्षा महाविद्यालय, उज्जैन म.प्र. – सदस्य
8. **डॉ. केशर सिंह चौहान,**
   एफ–2 कॉलेज परिसर, इन्दौर नाका, महाराजा भोज शा. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धार – सदस्य
9. **श्री सुशील वाडिया,**
   बी –18/2 नेहरू नगर, नानाखेड़ा, उज्जैन, म.प्र. – सदस्य
10. **श्री भरत बैरागी,**
    97, त्रिमूर्ति नगर, यशोदा विहार, साक्षी पेट्राल पंप के सामने, रतलाम, म.प्र. – सदस्
11. **डॉ. दिलीप सोनी,**
    कुलसचिव, महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन म.प्र. – सचिव
12. **डॉ. संकल्प मिश्र, (ऑनलाईन सम्मिलित)**
    सहा. प्राध्यापक, महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन म.प्र. – सदस्य

––00––

बैठक की कार्यवाही के प्रारंभ में कुलपति जी ने माननीय कुलाधिपति जी द्वारा द्वारा कार्य-परिषद के उपस्थित सदस्यों का अभिनंदन किया गया। अभिनन्दनोपरान्त कुलसचिव द्वारा अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई।

--00--

| | |
|---|---|
| विषय क्रमांक 01 | **कार्यपरिषद बैठक दिनांक 04.03.2022 का कार्यवाही विवरण अनुमोदनार्थ।** |
| टीप | कार्यपरिषद बैठक दिनांक 04.03.2022 का कार्यवाही विवरण अवलोकनार्थ संलग्न। |
| निर्णय | **कार्यपरिषद बैठक दिनांक 04.03.2022 का कार्यवाही विवरण का अनुमोदन किया गया।** |
| विषय क्रमांक 02 | **कार्यपरिषद बैठक दिनांक 04.03.2022 का कार्यवाही विवरण का पालन प्रतिवेदन अनुमोदनार्थ।** |
| टीप | कार्यपरिषद बैठक दिनांक 04.03.2022 का कार्यवाही विवरण का पालन प्रतिवेदन अवलोकनार्थ संलग्न। |
| निर्णय | **कार्यपरिषद बैठक दिनांक 04.03.2022 का कार्यवाही विवरण का पालन प्रतिवेदन का अवलोकन किया गया। विषय क्रमांक 27(4) के अनुपालन पर विचार एवं चर्चा के पश्चात कुलपति जी के वाहन को यथावत रखते हुए 1.50 लाख किलोमीटर होने पर आवश्यक कार्यवाही करने एवं वर्तमान में विश्वविद्यालय के लिए 01 नवीन वाहन क्रय करने का निर्णय लिया गया।** |

क्रियान्वयन – भण्डार एवं वित्त

| | |
|---|---|
| विषय क्रमांक 03 | **कार्यपरिषद बैठक दिनांक 20.07.2022 का कार्यवाही विवरण एवं पालन प्रतिवेदन अनुमोदनार्थ।** |
| टीप | कार्यपरिषद बैठक दिनांक 20.07.2022 का कार्यवाही विवरण एवं पालन प्रतिवेदन अवलोकनार्थ संलग्न। |
| निर्णय | **कार्यपरिषद बैठक दिनांक 20.07.2022 का कार्यवाही विवरण का अनुमोदन किया गया एवं पालन प्रतिवेदन अवलोकन किया गया।** |

क्रियान्वयन – स्थापना विभाग

| | |
|---|---|
| विषय क्रमांक 04 | **वित्त समिति की बैठक दिनांक 04.08.2022 का कार्यवाही विवरण अनुमोदनार्थ।** |
| टीप | वित्त समिति की बैठक दिनांक **04.08.2022** का कार्यवाही विवरण वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु तैयार बजट सहित 08 विषय अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ । |
| निर्णय | **वित्त समिति की बैठक दिनांक 04.08.2022 का कार्यवाही विवरण एवं वित्त समिति की उक्त बैठक के निर्देशानुसार अद्यतित वित्तीय वर्ष 2021-2022 हेतु पुनीक्षित बजट अनुमान एवं वर्ष 2022-2023 का मूल वित्तीय अनुमान सहित 08 विषयों का अवलोकन किया एवं अनुमोदन किया गया ।** |

| 2021-22 का मूल वित्तीय अनुमान रू. लाख में | 31/03/22 तक वास्तविक आय रू. लाख में | 2022-23 का मूल वित्तीय अनुमान रू. लाख में | 2021-22 का वास्तविक रू. लाख में | 2021-22 का मूल वित्तीय अनुमान रू. लाख में | 12/03/2022 तक वास्तविक व्यय रू. लाख में | 2021-2022 का पुनरीक्षित व्यय | 2022-2023 का मूल वित्तीय अनुमान रू. लाख में |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1298.5 | 326.18 | 368.6 | 290.22 | 1298.5 | 326.18 | 0.00 | 368.6 |

**महर्षि पतंजलि संस्कृति संस्थान, भोपाल पाणिनि पीठ की स्थापना के क्रम में राशि रू. दस लाख प्राप्तव्य है तथा केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली से आगामी 3 वित्तीय वर्षों में मिलाकर कुल दस लाख रू. सांध्यकालीन कक्षाओं हेतु स्वीकृत है जो कि प्राप्तव्य है। उक्त वित्त समिति बैठक दिनांक 04.08.2022 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन किया गया।**

क्रियान्वयन – वित्त एवं लेखा विभाग

विषय क्रमांक 05 **विश्वविद्यालय अध्यापन विभाग में कार्यरत डॉ. तुलसीदास परौहा की CAS के तहत क्रमोन्नति विषयक।**

निर्णय **उक्त के संदर्भ में गठित जॉच समिति की बैठक शीघ्र आहूत कर प्रतिवेदन प्राप्त किया जाए तथा नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जाए।**

क्रियान्वयन – स्थापना शाखा

विषय क्रमांक 06 **विश्वविद्यालय में संचालित डिप्लोमा पाठ्यक्रम के संबंध में पुनर्मूल्यांकन कराने संबंधी।**

टीप

वर्तमान में विश्वविद्यालय के परिनियम के अनुसार डिप्लोमा पाठ्यक्रम में पुनर्गणना का प्रावधान था। लेकिन छात्रों द्वारा पुनर्मूल्यांकन हेतु आवेदन किया गया है। अत: प्रकरण माननीय कार्यपरिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत।

निर्णय **पुनर्मूल्यांकन हेतु प्रतिप्रश्नपत्र 1000/- (एक हजार रू.) करने का निर्णय लिया गया। अधिकतम 2 प्रश्न पत्रों में पुनर्मूल्यांकन कराया जा सकेगा।**

क्रियान्वयन – स्थापना शाखा

विषय क्रमांक 07 **स्थापना दिवस (17 अगस्त) समारोह के आयोजन विषयक।**

टीप विश्वविद्यालय स्थापना दिवस इस वर्ष वृहद स्तर पर आयोजित किया जा रहा है । यह कार्यक्रम महामहिम एवं कुलाधिपति महोदय की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम हेतु अनुमानित बजट रू. 5,00,000/- (रू. पॉच लाख) प्रस्तावित है ।

निर्णय **यथा प्रस्तावित अनुमोदित । स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदान किये जाने वाले 'महर्षि पाणिनि संस्कृत सेवा सम्मान" हेतु प्रो. मिथिलाप्रसाद जी त्रिपाठी के चयन का अनुमोदन किया गया।**

**उक्त पुरस्कार हेतु सम्मान राशि रू. 11,000/- (ग्यारह हजार रू.) निर्धारित करने का निर्णय लिया गया।**

क्रियान्वयन – वित्त

| | |
|---|---|
| विषय क्रमांक 08 | **डिजिटल पुस्तकालय हेतु प्रबंध एवं वित्त व्यय निर्धारण हेतु विचारार्थ।** |
| टीप | डिजिटल् पुस्तकालय हेतु प्रबंध एवं वित्त व्यय का विवरण संलग्न पत्रावली में उल्लेख है। |
| निर्णय | **विचारोपरान्त विषय क्र. 8 एवं 9 सहित पुस्तकालय हेतु वार्षिक बजट रू. 10,000,00/- (दस लाख रू.) निर्धारित एवं स्वीकृत कर अनुमोदित किया गया।** |

क्रियान्वयन – वित्त एवं पुस्तकालय विभाग

| | |
|---|---|
| विषय क्रमांक 09 | **पुस्तकालय हेतु एक वार्षिक बजट लगभग रू. 5,00,000 (अक्षरी पॉच लाख रू.) तक की राशि निर्धारित किया जाने हेतु विचारार्थ।** |
| टीप | विगत कई वर्षों से सभी विभागों से पुस्तकें क्रय करने हेतु निरंतर मॉग-पत्र एवं सूची दी जा रही है, जिसको ध्यान में रखते हुए एक वार्षिक बजट लगभग रू. 5,00,000 (अक्षरी पॉच लाख रू.) तक की राशि निर्धारित किया जाने हेतु विचारार्थ। |
| **निर्णय** | **विचारोपरान्त विषय क्र. 8 एवं 9 सहित पुस्तकालय हेतु वार्षिक बजट रू. 10,000,00/- (दस लाख रू.) निर्धारित एवं स्वीकृत कर अनुमोदित किया गया।** |

क्रियान्वयन – वित्त एवं पुस्तकालय विभाग

विषय क्रमांक 10 **पुस्तकालय से फोटोकॉपी सुविधा प्रांरभ करने हेतु फोटोकॉपी मशीन क्रय करने एवं फोटोकॉपी सुविधा का शुल्क प्रति पेज 01 रू. निर्धारित करने हेतु विचारार्थ।**

टीप

प्राय: देखा गया है कि विद्यार्थी फार्म भरने अथवा अन्य कार्य हेतु विश्वविद्यालय आते हैं उस समय उन्हें दस्तावेजों आदि की फोटोकॉपी करवाना होती है फोटोकॉपी की दुकान विश्वविद्यालय से अधिक दूरी होने पर छात्रों एवं अभिभावकों को परेशानी आती है। अत: छात्रहित में पुस्तकालय से फोटोकॉपी सुविधा दी जाने की सहमति माननीय कुलपतिजी द्वारा दी गई है तथा फोटोकॉपी शुल्क प्रति पेज 01 रू. लिये जाने हेतु निर्देशित भी किया गया है।

क्रियान्वयन – वित्त एवं पुस्तकालय विभाग

निर्णय **फोटोकॉपी का संचालन छात्र से कराने के निर्देश के साथ यथा प्रस्ताव अनुमोदित।**

विषय क्रमांक 11 **पुस्तकें प्रकाशन हेतु लगभग 2,00,000/- (दो लाख रू.) तक की राशि निर्धारित किये जाने हेतु विचारार्थ।**

टीप

विश्वविद्यालय अध्यापन विभागों में विभिन्न विषयों पर पुस्तकें प्रकाशित की जाती है।

निर्णय

विचारोपरान्त यथा प्रस्ताव अनुमोदित

क्रियान्वयन – वित्त एवं पुस्तकालय विभाग , मुद्रण/प्रकाशन समिति

विषय क्रमांक 12 **विविध कार्यक्रमों में आहूत अध्यक्ष/मुख्य अतिथि/मुख्य वक्ता/सारस्वत अतिथि/सारस्वत वक्ता/ विशिष्ट अतिथि/विशिष्ट वक्ता/विषय विशेषज्ञ आदि को प्रदान किये जाने वाले मानदेय के निर्धारण के संबंध में ।**

टीप

वर्तमान में विषयोक्त क्रम में 1000/- (एक हजार रू.) प्रदान किये जा रहें हैं। विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित होने वाले प्रतिवर्ष के महत्वपूर्ण कार्यक्रम यथा दीक्षान्त समारोह, युव महोत्सव, स्थापना दिवस प्रभृति के क्रम में मानदेय राशि में वृद्धि की जाना प्रस्तावित है।

निर्णय **विचारोपरान्त यू.जी.सी. के नियमानुसार मानदेय प्रदान करने का निर्णय लिया गया।**

क्रियान्वयन – स्थापना/वित्त

विषय क्रमांक 13 **डॉ. पूजा उपाध्याय, सहायक प्राध्यापक के किये गये संतान पालन अवकाश की स्वीकृति ।**

निर्णय **स्वीकृत ।**

क्रियान्वयन – स्थापना

विषय क्रमांक 14 **श्री शंकर सिंह खिची की पदोन्नति के संबंध में की गयी कार्यवाही।**

टीप श्री शंकर सिंह खिची की पदोन्नति के संबंध में की गयी कार्यवाही एवं प्रतिवेदन अवलोकनार्थ प्रस्तुत है।

निर्णय **शासन के नियमो एवं निर्देशों को दृष्टिगत रखते हुए कार्यवाही करने के निर्देश के साथ गठित समिति के प्रतिवेदन का अनुमोदन किया गया ।**

क्रियान्वयन – स्थापना

विषय क्रमांक 15 **विश्वविद्यालय में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को विनियमित (स्थायी कर्मी) करने हेतु विचारार्थ ।**

टीप दिनांक 04.03.22 की कार्यपरिषद् की बैठक के निर्णय के परिपालन में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के विनियमित (स्थायीकर्मी) के संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश एवं विश्वविद्यालय द्वारा की गयी समस्त कार्यवाही से संबंधित पत्रावली माननीय सदस्यों के समक्ष अवलोकनार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत है।

निर्णय **सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, भोपाल के पत्र क्र. एफ 5-1/2013/1/3 भोपाल, दिनांक 07 अक्टूबर, 2016 के परिपालन में विश्वविद्यालय के पात्र दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों (श्रमिकों) को "स्थायी कर्मी" योजना का लाभ दिए जाने का निर्णय लिया गया। यह भी निर्णय लिया गया कि शासन से अनुमोदन/स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात् स्थायीकर्मी श्रेणी का वेतन भुगतान किया जाएगा। बॉण्ड भरवाकर सहमति लेने का निर्णय भी लिया गया ।**

क्रियान्वयन – स्थापना

विषय क्रमांक 16 — **सत्र 2022-23 में साक्षात्कार समिति के द्वारा अनुशंसित रखे गये अतिथि विद्वानों का अनुमोदन।**

निर्णय — **सत्र 2022-23 में साक्षात्कार समिति के द्वारा अनुशंसित रखे गये अतिथि विद्वानों की सूची का अवलोकरन कर अनुमोदन किया गया।**

क्रियान्वयन – स्थापना

विषय क्रमांक 17 — **सहायक प्राध्यापकों के सी.ए.एस. (CAS) प्रकरण के संबंध में प्रतिवेदन का अनुमोदन।**

निर्णय — **सहायक प्राध्यापकों के सी.ए.एस. प्रकरण के संबंध में प्रस्तुत प्रतिवेदन का अनुमोदन किया गया।**

क्रियान्वयन – स्थापना

विषय क्रमांक 18 — **विश्वविद्यालय में कार्य के सुचारू रूप से संचालन हेतु सेवानिवृत्त या प्रतिनियुक्ति पर अधिकारी वर्ग की नियुक्ति हेतु।**

निर्णय — **विश्वविद्यालय में कार्य के सुचारू रूप से संचालन हेतु प्रतिनियुक्ति पर अधिकारी वर्ग की नियुक्त करने का निर्णय लिया गया।**

क्रियान्वयन – स्थापना

विषय क्रमांक 19 — **शुल्क निर्धारण समिति की बैठक दिनांक 24.02.2022 का प्रतिवेदन पुन: अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ।**

टीप — कार्य परिषद बैठक दिनांक 04.03.2022 के विषय क्र. 26 के निर्णयानुसार पूर्व शुल्क एवं वृद्धि किए गए शुल्क के पूर्ण विवरण के साथ प्रकरण पुन: कार्य परिषद के समक्ष प्रस्तुत है।

निर्णय — **शुल्क निर्धारण समिति की बैठक दिनांक 24.02.2022 के प्रतिवेदन का अवलोकन कर अनुमोदन किया गया।**

क्रियान्वयन – स्थापना/वित्त/शुल्क निर्धारण समिति/परीक्षा

| | |
|---|---|
| विषय क्रमांक 20 | **पूरक अजेण्डा (विषय)** |
| | **विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की धारा 12 बी के मानकों को ध्यान में रखते हुए निदेशक पद को पुन: प्रोफेसर (शासन द्वारा दिये गये स्वीकृत) पद में परिवर्तन की स्वीकृति एवं शासन को प्रस्ताव प्रेषित करने की स्वीकृति हेतु प्रकरण अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।** |
| निर्णय | **यथा प्रस्तावित अनुमोदित।** क्रियान्वयन – स्थापना |
| विषय क्रमांक 21 | **अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषय।** |
| विषय क्रमांक 21 (1) | **विश्वविद्यालय द्वारा मानद उपाधि प्रदान किए जाने हेतु विचारार्थ ।** |
| निर्णय | **विचारोपरान्त विश्वविद्यालय द्वारा संस्कृत के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्ति मानद उपाधि (डी.लिट्.) प्रदान किए जाने का निर्णय लिया गया।** |
| | क्रियान्वयन - शोध |
| विषय क्रमांक 21 (2) | **विश्वविद्यालय का प्रशासनिक भवन को पंचवटी परिसर में स्थानांतरित करने तथा अध्यापन विभाग के अंर्तगत संचालित कक्षाए पतंजलि भवन (छात्रावास) में लगाए जाने हेतु विचारार्थ।** |
| निर्णय | **विचारोपरान्त अनुमोदित।** |
| | क्रियान्वयन – निर्माण/स्थापना/वि.वि.अध्यापन विभाग |

| | |
|---|---|
| विषय क्रमांक 21 (3) | **प्राश्निक/परीक्षक को एक अकादमिक वर्ष में भुगतान हेतु विश्वविद्यालय आर्डिनेंस 4 के अनुसार अधिकतम राशि रू. 30,000/- करने हेतु विचारार्थ।** |
| टीप - | कार्यपरिषद की बैठक दिनांक 04.03.2022 के विषय क्र. 11 में निर्णय लेते हुए किसी भी प्राश्निक को एक अकादमिक वर्ष में भुगतान हेतु अधिकतम राशि रू. 20,000/- की सीमा निर्धारित की गई थी। Ordinance No. 4 (4) (f) अनुसार एक अकादमिक वर्ष में किसी भी प्राश्निक को एक भुगतान हेतु अधिकतम राशि रू. 30,000/- की सीमा निर्धारित करने हेतु प्रकरण प्रस्तुत है। |
| निर्णय | **विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय के संबंधित परिनियम अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाए ।** |

क्रियान्वयन – परीक्षा विभाग

कार्य परिषद के अध्यक्ष मान. कुलपतिजी एवं उपस्थित सभी सदस्यों के प्रति कुलसचिव द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया । पश्चात् कार्य परिषद की कार्यवाही समाप्त हुई।

**(डॉ. दिलीप सोनी)**
कुलसचिव
सचिव

**(प्रो. विजयकुमार सी.जी.)**
कुलपति
अध्यक्ष